## जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र / जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या–अक्टूबर, 2019

संख्या– मेंमो / तेरह–आ.प्र. / मासिक आख्या / 2019 दिनांक – 10 नबम्बर, 2019



दिनांक 01.10.2019 को समय दोपहर 1:03 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग चुंगी बड़ेथी एंव मनेरा बाईपास के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एवं प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग एवं न0एच0आई0डी0सी0एल0 से समन्वय कर यातायात को नियंत्रित करते हुये तत्काल मशीनरी तैनात करवाते हुये मार्ग को दोपहर 2:00 बजे सुचारु किया गया।







**दिनांक 03.10.2019 को वरूणावत पर्वत उपचार सम्बन्धी प्रगति की बैठक आहूत की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।**

<u>दिनांक 4.10.2019 को समय प्रातः 7:36 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग हर्षिल के पास</u> मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा बी0आर0ओ0 से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:39 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 04.10.2019 को हर्षिल में Apple Festival के आयोजन के सम्बन्ध में तैयारी बैठक आहूत की गयी। जिसमें आवश्यक तैयारी की गयी।**

<u>दिनांक 06.10.2019 को समय लगभग रात्रि 10:00 बजे तहसील चिन्यालीसौड अन्तर्गत स्थान</u> भट्टीखाला के पास उत्तरकाशी से ग्राम उनियालगांव को जा रहा एक ट्रक वाहन सं0 यू0के0–14–0135 अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर रोड से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रास्त हुआ। उक्त वाहन में चालक सहित कुल 04 लोग सवार थे जिंसमें से 03 लोग गम्भीर घायल हुए तथा एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त स्थान पर रेस्क्यू कार्य हेतु शीघ्र दलों की तैनाती की गयी। घायलों को 108 के माध्यम से सी0एच0सी0 चिन्यालीसौड में लाया गया, जिन्हे उपचार के पश्चात हायर सेण्टर देहरादून रैफर किया गया।

<u>दिनांक 13.10.2019 को अंतराष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस पर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा पुलिस/एस0डी0आर0एफ0/त्वरित कार्यवाही दल के सहयोग से जनपद के राजकीय</u> इंटर कॉलेज, उत्तरकाशी, भटवाडी एवं बडकोट के आस–पास के विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम तथा रा0 इं0 कालेज, बडकोट में पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके अतिरिक्त समस्त तहसीलों व थानों में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।
















<u>दिनांक 16.10.2019 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में</u> तहसील मोरी के आराकोट क्षेत्र में हुयी विभागीय क्षति के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में आवश्यक बैठक आहूत कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

<u>दिनांक 17.10.2019 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी हरेती के पास एक अल्टो कार</u> दुर्घटनाग्रस्त हुयी । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त स्थान पर शीघ्र रेस्क्यू दलों की तैनाती कर रेस्क्यू कार्य किया गया। वाहन में चार लोग सवार थे। जिन्हे प्राथमिक उपचार हेतु चिन्यालीयौड भेजा गया। जिनमें से 03 घायल एवं एक व्यक्ति की मृत्यु घटना स्थल पर हो गयी ।





**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 20.10.1991 को जनपद में घटित भूकम्प त्रासदी की</u>** घटना की स्मृति एवं मृतकों के प्रति श्रृद्धांजली कार्यक्रम के साथ ही आम जनमानस को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 20.10.2019 को एक कार्याशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 1991 भूकम्प पर आधारित एक वृत–चित्र (Documentary on Earthquake) फोटो प्रदर्शनी, विशेषज्ञों द्वारा भूकम्प से क्षति को न्यूकरण किये जाने हेतु व्यख्यान आदि का आयोजन एवं मृतको के प्रति श्रद्धांजली आदि कार्यक्रम जिला कार्यालय ऑडिटोरियम हॉल, उत्तरकाशी में कराया गया। जिसमें विभिन्न संस्थानों के **भूकम्प व भू–गर्भीय अवसरंचना आदि सम्बन्धित विशेषज्ञों** एवं घटना के भूकम्प साक्षियों के साथ–साथ जनपद स्तर के अधिकारियों/छात्र–छात्रओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री गोपल रावत, मा. विधायक, गंगोत्री विधान सभा द्वारा किया गया।










## 1991 भूकम्प सम्बन्धित क्षतियों की फोटो प्रदर्शनी–











(a) (b)



1991 में मृतक लोगो हेतु श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन





रेस्क्यू दलों आदि को स्मृति चिन्ह भेट किया गया–



इसके अतिरिक्त उक्त कार्य क्रम में आई0टी0वी0पी0/एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0/पुलिस/ रेडक्रास आदि विभागों के खोज–बचाव उपकरणों का स्टॉल लगाते हुये आमजनानस को जागरूक किया गया तथा आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जागरूता पुस्तके निःशुल्क वितरित की गयी









दिनांक 22.10.2019 को धौन्तरी लम्बगांव मार्ग पर मट्टी गांव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हुई जिस पर प्रदीप पुत्र जोत सिंह एंव शैलेन्द्र पुत्र उमेद सिंह ग्राम बड़ेथ दो लोग सवार थे जिसमें शैलेन्द्र पुत्र उमेद सिंह की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी एंव प्रदीप पुत्र जोत सिंह घायल हुए जिन्हे लम्बगांव स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

दिनांक 23.10.2019 को समय लगभग प्रातः 9:30 बजे तहसील पुरोला के मोरी मार्ग पर एक स्कूटी सवार एंव बस की आपसी भिडन्त से उक्त स्कूटी में सवार दो महिलाओ मे से 01 की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी है तथा दूसरी महिला सामान्य रूप से घायल हुई जिन्हे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरोला लाया गया।

**दिनांक 23 से 24 अक्टूबर, 2019 तक हर्षिल क्षेत्र में Apple Festival का आयोजन किया** गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त के आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुये आम जनमानस को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी भी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के पौराणिक समय में उपयोग होने वाली सामग्री का एक संग्रहालय/प्रदर्शनी लगाई गयी।






इसके अतिरिक्त जनपद में स्वच्छता अभियान, वरूणावत उपचार कार्यो सम्बन्धी बैठक के साथ समय-समय पर अन्य बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।